



# कांग्रेस दफ्तर पर भाजयुमो का प्रदर्शन

**ग्वालियर/जबलपुर 21 फरवरी.** राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे हाई-प्रोफाइल एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आक्रामक नारेबाजी तथा अर्धनग्न प्रदर्शन करने के विरोध में आज ग्वालियर में बीजेपी के युवा मोर्चे ने शिन्दे की छावनी में जिला कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और बैरिकेड पर चढ़कर प्रदर्शन किया.

- **दोनों दलों के कार्यकर्ता रहे आमने-सामने**
- **पुलिस को संभालना पड़ा मोर्चा**

जवाब में कांग्रेस कार्यकर्ता भी कार्यालय के बाहर आ गए. दोनों पक्षों के बीच जोरदार प्रदर्शन हुआ. स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने दोनों ओर ट्रैफिक रोककर बैरिकेडिंग की लेकिन दोनों पक्षों ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर प्रदर्शन जारी रखा. बीजेपी का आरोप है कि अंतरराष्ट्रीय एआई समिट के दौरान कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा शर्ट उतारकर हंगामा करना और देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास अत्यंत निंदनीय है.

वहीं जबलपुर में भी जमकर प्रदर्शन हुआ. शहर के बलदेव बाग चौराहे पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी की. युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बैरिकेड तोड़ते हुए कांग्रेस कार्यालय के नजदीक पहुंच गए, जहां पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद थे.

### उच्च शिक्षा मंत्री अंदर, एवीबीपी का प्रदर्शन बाहर



**जबलपुर.** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शनिवार को मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर पहुंचे थे. कार्यक्रम के दौरान होम साइंस कॉलेज के बाहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम के बाद बाहर आकर मंत्री परमार प्रदर्शन कर रहे विधार्थियों से मिले और उनकी समस्याओं को सुना, जिसके बाद एबीवीपी के विद्यार्थियों ने मंत्री परमार को ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के लोग मौजूद थे.

# स्कूल में पांचवीं और आठवीं बोर्ड के बच्चों को दिए गलत पेपर

## छात्रों और परिजनों ने किया हंगामा



**ग्वालियर 21 फरवरी. शहर के एक निजी स्कूल में पांचवी और आठवीं बोर्ड कक्षा के छात्रों और उनके पालकों ने हंगामा कर दिया. आरोप है कि, इन बच्चों को बिना बताए गलत सिलेब्स के एग्जाम दिला दिए. जिससे स्कूल के करीब 150 बच्चों की परीक्षा खराब हो गई और साल बर्बाद होने की स्थिति बन गई है. हालांकि इस मामले पर जब स्कूल की प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल से बात करने का प्रयास किया तो वे जवाब नहीं दे सकीं.**

ग्वालियर के वायुनगर स्थित स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के आठवीं और पांचवीं क्लास की बोर्ड परीक्षा का सेंटर पास के ही एक निजी स्कूल में था. आरोप है कि, छात्र जब दोपहर में अंग्रेजी की परीक्षा देने पहुंचे तो समय शुरू होने पर उन्हें अंग्रेजी का प्रश्न पत्र बांटा गया, जो कि एमपी बोर्ड के इंग्लिश मीडियम का सामान्य प्रश्न पत्र था. जब बच्चों ने परीक्षा शुरू की तो आंसर शीट लिखने के कुछ समय बाद ही उनसे एमपी बोर्ड का अंग्रेजी विषय का सामान्य प्रश्न पत्र वापस ले लिया गया और एनसीईआरटी सिलेबस का

- **प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल नहीं दे सकीं जवाब**

अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र थमा दिया गया. ये पूरा प्रश्न पत्र बच्चों के पढ़े सिलेबस से अलग था.

अचानक ऐसा होते देख बच्चे परेशान हो गए और तुरंत एग्जाम कंट्रोलर को इस बारे में बताया. बच्चों का आरोप है कि, उन्हें साल भर स्कूल में एमपी बोर्ड का सामान्य सिलेबस पढ़ाया गया था. लेकिन अचानक एनसीईआरटी सिलेबस का पेपर दे दिया गया, जिसमें उन्हें कुछ भी नहीं आता था. जब इसकी शिकायत की तो पता चला कि स्कूल प्रिंसिपल ने ही ऐसा करने को बोला है क्योंकि एग्जाम फॉर्म भरते समय स्कूल प्रबंधन ने बोर्ड में इंग्लिश मीडियम के साथ एनसीईआरटी सिलेबस का फॉर्म भरवाया दिया था वह भी बच्चों को बिना बताए. जबकि उन्हें पढ़ाई एमपी बोर्ड के सामान्य सिलेबस के हिसाब से ही करायी गई थी. लेकिन हंगामे के कुछ देर बात ही जब परीक्षा में महज 15 मिनट बचे तभी एक बार फिर उन्हें एमपी बोर्ड का सामान्य पेपर थमा दिया गया. ऐसे में बच्चे अपनी परीक्षा दे ही नहीं पाए कॉपी में कुछ नहीं लिख पाए.

# फर्जी चेक के जरिये व्यापारी से 4 .80 लाख की धोखाधड़ी

## दोनों आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, दुकान से चुराया था चेक, पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सुलझाया केस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में दुकान से चुपके से चेक चोरी कर 4 लाख 80 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है. पुलिस ने शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया. आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर राशि अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली थी.**

थाना प्रभारी रविन्द्र पाराशर ने बताया कि फरियादी 43 वर्षीय नवीन राजपाल निवासी आस्कर कॉलोनी, वर्तमान में शास्त्री मार्केट क्षेत्र, ने शुक्रवार को थाना सेंट्रल कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को मोबाइल पर बैंक संदेश (मैसेज) मिला, जिससे पता चला कि उनके ईसीआईसीआई बैंक खाते से 4,80,000 रुपये किसी अन्य खाते में भेज दिए गए हैं. बैंक से जानकारी लेने पर सामने आया कि चेक के जरिए राशि निकाली गई है, चेक पर फर्जी तरीके से रकम भरकर हस्ताक्षर और सील कर भुगतान कराया था. मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की.

### आरोपियों से पुलिस कर रही पूछताछ

पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने इसी तरह अन्य चेकों के जरिए तो कोई और आर्थिक धोखाधड़ी तो नहीं की है. पुलिस ने बाणगंगा थाना क्षेत्र के कालिंदी गोल्ड में रहने वाले 22 वर्षीय पियुष चौहान के साथ उज्जैन के पंवासा मल्टी थाना पंवासा में रहनेवाले 24 वर्षीय सुनील कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है. पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य संभावित मामलों की पड़ताल कर रही है.

### आरोपियों में एक उज्जैन और एक इंदौर का निवासी

जांच में पता चला कि चोरी किए गए चेक की राशि उज्जैन निवासी 24 वर्षीय सुनील कुमार मिश्रा के खाते में जमा हुई है.

पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और बैंक स्टेटमेंट के आधार पर संदिग्ध तक पहुंच बनाई. आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी 22 वर्षीय पियूष चौहान निवासी कालिंदी गोल्ड सिटी, बाणगंगा, इंदौर के साथ मिलकर वारदात अंजाम देना स्वीकार किया. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दुकान मालिक का विश्वास जीतकर शास्त्री मार्केट स्थित दुकान के दराज से चेक चुरा लिया. बाद में उस पर फर्जी हस्ताक्षर कर राशि अपने खाते में डलवा ली.

# अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा ऑटो रिक्शा

## मासूम सहित 10 मजदूर घायल, कटाई करने के लिए सीतानगर से जा रहे थे बमूरा हार

नवभारत, न्यूज

**दमोह 21 फरवरी. देहात थाना क्षेत्र की नरसिंहगढ़ चौकी के अंतर्गत देवलाई गांव के पहले पुलिया के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया. जब सुबह से कटाई करने जा रहे मजदूरों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया.**

इस घटना में 9 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए.घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से निजी वाहनों और डायल 112 के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां घायलों का इलाज तत्परता से ड्यूटी रत डॉक्टर आशुतोष पटेल, डॉक्टर एनके पटेल, डॉक्टर दिव्यांशु अवस्थी, मुकेश जैन, डॉ विनय के अलावा और टीम ने किया.पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.घटनास्थल पर मौजूद जगदीश व्यास ने बताया कि ऑटो चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ.शनिवार सुबह सीतानगर से लगभग दस मजदूर कटाई के लिए बमूरा हार जा गांव जा रहे थे.देवलाई की पुलिया पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ऑटो में सवार सभी मजदूर बुरी तरह घायल हो गए. दिनेश नामदेव का यह ऑटो था,जिसमें मजदूर सवार थे.घटनास्थल पर चींख-पुकार मचते ही स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और तुरंत घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया.



प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में शशि पति लीला कोरी उम्र 35 वर्ष, विमला पति कल्लू पाल उम्र 50 वर्ष, कुसुम रानी पति कलू बंसल 50 वर्ष, श्याम रानी पति परशु जोशी उम्र 45 वर्ष, मंजू पति बबलू जोशी उम्र 30 वर्ष, आशा रानी पति नोनीलाल पाल उम्र 45 वर्ष, प्रभा पति कमलेश उम्र 40 वर्ष, राजूबाई पति मोहन गडरिया उम्र 35 वर्ष, नवीका पति जित्तू 30 वर्ष, गंगा पति मुन्नालाल उम्र 60 वर्ष और मासूम जानवी पति जित्तू दो वर्ष सभी निवासी सीतानगर को गंभीर चोटे आई हैं, जिनका उपचार जारी है.

### एक नजर में




### जिले में मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**जबलपुर.** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार सुबह 11 बजे जबलपुर जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया. इस अवसर पर आयोजित स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची की प्रतियां औपचारिक रूप से सौंप दीं. बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया. अधिकारियों ने सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा की.

### किराने की दुकान में घुसा ट्रक, चालक घायल

**दतिया.** गोराघाट थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर नेशनल हाइवे-44 पर बड़ा हादसा हुआ. पंजाब से बेंगलुरु जा रहा मौसंबी से भरा एक एलपी ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बालाजी गुरु कृपा होटल के पास किराने की दुकान में जा घुसा. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकान संचालक आंचल दांगी की दुकान का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. दुकानदार को करीब 60 से 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है. ट्रक के पलटने से दुकान में रखा सारा सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. ट्रक तेज रफ्तार में था. चालक सलीम खान ने पुलिस को बताया कि अचानक सामने एक गाय आ गई, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक दुकान में जा घुसी .हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई है. ट्रक चालक को चोटें आई हैं.

### अखिलेश यादव दतिया से झांसी रवाना



**दतिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज शनिवार दोपहर दतिया पहुंचे। यहां से वे 500 कारों के काफिले के साथ उत्तर प्रदेश के झांसी के लिए रवाना हुए। वे नेशनल हाईवे-44 पर एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। दतिया पहुंचने के बाद अखिलेश यादव सड़क मार्ग से झांसी के लिए निकले। उनके काफिले में लगभग 500 कारें शामिल थीं। इस दौरान सड़कों पर उनके समर्थकों की भीड़ रही।

# यादव ने गंभीर मुद्दों पर मांगा जवाब

**खरगोन, 21 फरवरी.** कसरावद विधायक एवं पूर्व कृष मंत्री सचिन यादव ने विधानसभा सत्र में प्रदेश की जनता से जुड़े कई गंभीर एवं ज्वलंत मुद्दों को लेकर सरकार से तत्काल स्पष्ट जवाब एवं ठोस कार्रवाई की मांग की है.



विधायक ने बताया कि प्रदेश में निर्मित एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के बढ़ते प्रकरण, तथा लोक सेवा केन्द्रों के संचालन में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए. उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर चिंता जताते हुए कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अस्पतालों में डॉक्टर, दवाइयों और आवश्यक संसाधनों की भारी कमी है, जिसका सीधा असर आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि घोषणाएं तो बहुत की जाती हैं, लेकिन धरातल पर काम नजर नहीं आता. विशेष रूप से उन्होंने इन्दौर के भागीरथपुरा प्रदूषित जल मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है. यादव ने सरकार से मांग की कि इन सभी जनहित के मुद्दों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेकर प्रदेश की जनता को राहत प्रदान की जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी.

# टपकते हुए पानी के बीच दिए बच्चों ने पेपर

**शाजापुर, 21 फरवरी. ग्राम पिपलिया गोपाल में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को टपकते हुए पानी में कक्ष में बैठना पड़ा.**

पहला पेपर हिंदी का हो रहा था और यहां पर 144 विद्यार्थी परीक्षा कक्ष में टाटपट्टी पर बैठकर परीक्षा दे रहे थे, इसी दौरान बारिश शुरू हो गई. परीक्षा कक्ष में छत से पानी आपके लगा, टपकते हुए पानी में बच्चों को परीक्षा देने को मजबूर होना पड़ा. परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक है. तीन दिन पहले भी यही शासकीय स्कूल बच्चों से शौचालय की सफाई के मामले में चर्चा में आया था. अब फिर से यहां शिक्षा विभाग की लापरवाही सामने आई है. छत से पानी टपक रहा ऐसे में बच्चे परीक्षा दे रहे हैं.



तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है बाल्टी और मग रखकर पानी को कक्षा में फैलने से रोका जा रहा है, इसके बाद भी टाटपट्टी गिली हो रही है और फर्श पर भी अपनी नजर आ रहा. बच्चों के कपड़ों पर पानी टपक रहा है और ऐसे में ही बच्चे परीक्षा दे रहे हैं. इस मामले में स्कूल की शिक्षिका शबाना परवीन ने बताया हमें पता नहीं था आज बारिश हो जाएगी. परीक्षा के समय बारिश शुरू हो गई. आज पहला पेपर था और 2 बजे से परीक्षा शुरू होते ही पानी भी आ गया.

### रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल | मरीजों को तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

# डीएम कार्डियोलॉजी की चार सीटें स्वीकृत

**भोपाल, 21 फरवरी . उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आयोजित बैठक में कहा कि अस्पताल में मरीजों को तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों और उन्हें अन्यत्र रेफर करने की आवश्यकता न पड़े. उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल का स्तर ऐसा हो कि बाहर के मरीज भी इलाज के लिए आएं.**

अस्पताल में डीएम कार्डियोलॉजी के लिए चार सीटों की स्वीकृति मिल गई है. शीघ्र ही अन्य विभागों में एमसीएच की सीटों की स्वीकृति की उम्मीद है.



उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सकों की पदोन्नति और स्टाफ को मिलने वाले इंसेन्टिव की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से कहा कि वे इसी लगन से मरीजों का इलाज जारी रखें.

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, अधीक्षक संजय गांधी, डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी डॉ. अक्षय श्रीवास्तव और विभिन्न विभागों के चिकित्सक मौजूद रहे. उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल को विन्ध्य क्षेत्र के लिए वरदान बताते हुए कहा कि यह अस्पताल प्रदेश के अन्य सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की तुलना में सबसे अधिक मरीजों को इलाज की सुविधा प्रदान करता है.

अस्पताल की कार्यकुशलता के आंकड़े भी उल्लेखनीय हैं. वर्ष 2020 से 2025 तक एंजियोग्राफी की संख्या 155 से बढ़कर 2327 हो गई, जबकि एंजियोप्लास्टी की संख्या 80 से 1371 रही. अब तक 29 मरीजों की ओपेन हार्ट सर्जरी और 8 मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट की जा चुकी है.

### डिलीवरी वॉय ही ले गया महंगे मोबाइल का पार्सल

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में ऑनलाइन बुकिंग के जरिए भेजा गया महंगा मोबाइल खरीददार तक नहीं पहुंचा. गणेशपुरी कॉलोनी निवासी शिवम प्यासी ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने पोर्टर एप के माध्यम से श्रीराम नगर पाल्दा स्थित प्रियांशी कम्युनिकेशन से कनाड़िया वीवो वी 50 मोबाइल भेजा. बुकिंग आईडी पर मिले मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 09 यूएक्स 5465 के चालक मनोज कुमार को डिलीवरी सौंपी गई थी. आरोप है कि चालक पार्सल लेकर निकला, लेकिन निर्धारित स्थान पर पहुंचाने के बजाय स्वयं रख लिया. भंवरकुआं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.